## सार-समाचार

### गौतम महिला मंडल का डांडिया रास कार्यक्रम

**बून्दी** (निसं)। नवरात्रि के पावन पर्व पर गौतम समाज के महिला मंडल द्वारा गौतम छात्रवास में बडी ही धूमधाम से डांडिया का आयोजन किया गया जिसमे समाज की युवतियां, महिलाएं और पुरूष सभी पंखिड़ा ओ पंखिडा, मां अम्बे जैसे गानों की धुन पर जम कर थिरकी। गौतम महिला मंडल द्वारा आयोजित इस डांडिया महोत्सव का शुभारंभ बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अरबन बैंक चेयरमेन सत्येश शर्मा, समाजसेवी संजय शर्मा, आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष कमलेश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव गिरधर शर्मा, छात्रावास समिति सदस्य रामअवतार नोसाल्या विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डांडिया समिति सदस्य अनिशा शर्मा, भावना गौतम, कोमल जोशी, संजना गौतम व अर्चना शर्मा ने बताया कि इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सभी छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। उसी क्रम में कार्यक्रम में युवतियों , महिलाओं ,पुरुषों सभी ने डांडिया के कार्यक्रम में भाग लिया। प्रवक्ता श्वेता शर्मा ने बताया कि डांडिया क्वीन हर्षिता शर्मा रही और बेस्ट डांडिया ड्रेस में पारुल नौसाल्या को नवाजा गया। प्रतियोगिताओं में से निर्णायक के रूप में निकिता शर्मा झालवाड, अपर्णा शर्मा चितौडगढ उपस्थित रही। इस दौरान जिला अध्यक्ष ममता शर्मा, नगर अध्यक्ष अनीता शर्मा, उपाध्यक्ष नीलिमा शर्मा, शशि शर्मा, सचिव उमा गौतम, महामंत्री उमा शर्मा, सदस्य सुनीता बडोदिया, हेमलता, सुधा शर्मा, कल्पना शर्मा, प्रकाश शर्मा प्रियंका शर्मा, हर्षुल शर्मा, जयमाला शर्मा, प्रभा शर्मा शोभना तिवारी, आशा शर्मा, विमला गौतम, कृष्णा शर्मा, मंजू, राधा रानी, विजयलक्ष्मी, किष्किंधा, रिचा, चारु, पारुल, रेणु, संगीता शर्मा सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### स्वायत्त शासन मंत्री को पत्र लिखा

**रामगंजमंडी** (निसं)। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने छह महीने से वेतन नहीं दिए जाने के कारण कोटा जिले की सुल्तानपुर नगर पालिका में पिछले एक महीने से चल रहे सफाईकर्मी कार्य बहिष्कार आंदोलन पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिख कर वेतन चुकारे के लिए नगरपालिका अधिनियम की धारा 78 के अंतर्गत विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने की मांग की है। वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि एक महीने तक सुल्तानपुर कस्बे में सफाई नहीं होने के बावजूद नगर पालिका व जिला प्रशासन ने इस विषय में गंभीरता नहीं दिखाई। सुल्तानपुर नगर पालिका चूंकि इससे पूर्व पंचायत थी,इस कारण उसकी कोई संचित निधि नहीं है।सरकार को चाहिए कि वह नगर पालिका नियमों के अनुसार सफाई कर्मचारियों के स्थायी पद सृजित करे तथा वर्तमान जनसंख्या व कर्मचारियों के नियमित मासिक वेतन भुगतान को ध्यान में रख कर चुंगी पुनर्भरण की राशि अन्य नगर पालिकाओं की भांति सुल्तानपुर के लिए भी स्वीकृत करें।जिससे कि इस प्रकार की समस्याओं के कारण जनता को आगे असुविधा का सामना नहीं करना पडे।राजा ने स्वायत्त शासन मंत्री को भेजे पत्र की कॉपी डीएलबी डायरेक्टर, जिला कलेक्टर व स्थानीय निकाय विभाग के कोटा उप निदेशक को देकर इस मामले में नगर पालिका सुल्तानपुर से सरकार को विधिवत प्रस्ताव भिजवाने की अपेक्षा की है।जिस ओर नगर पालिका व जिला प्रशासन ने अभी तक ध्यान ही नहीं दिया।

### विकास समिति की आमसभा आयोजित

**बून्दी** (निसं)। ग्राम पंचायत के मजरा पीपल्या स्थित राठौर तेली गुलानिया गौत्र कुलदेवी माता मंदिर विकास एवं जनसेवा समिति की आमसभा व कार्यकारिणी बैठक रविवार को मंदिर परिसर में भेरूलाल ग़ुलानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष सोभाग बिहारी राठौर ने बताया कि आमसभा में कोषाध्यक्ष महावीर राठौर ने समिति के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान उपस्थित गोत्र बंधुओं द्वारा मंदिर विकास में अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्किंग व्यवस्था , शौचालय एवं बाथरूम निर्माण कराने सहित विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव दिए। सर्वसम्मति से आगामी वर्ष में मंदिर परिसर में हॉल निर्माण करवाना प्रस्तावित किया गया। चारदीवारी को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भेरूलाल ग़ुलानिया ने बोरिंग व मोटर की घोषणा की। इस बार बोली लगवाकर माताजी के मंदिर पर गौत्र बंधुओं ने ध्वज चढ़ाया। दर्शन करने हेतू आने वाले गोत्र बंधुओं के लिए एक सुझाव एवं परिचय पुस्तिका मंदिर में रखवाई। पहली बार अन्य राज्य से आए गोत्र बंधुओं का आपस में परिचय करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु राठौर बरुन्धन ने किया। इस अवसर पर संयोजक भंवर लाल गुलानिया, संरक्षक ओ.पी. गुलानिया, यशवंत गुलानिया, कोषाध्यक्ष महावीर गुलानिया, उपाध्यक्ष दीपेंद्र गुलानिया, मीडिया प्रभारी विष्णु राठौर बरुंधन, मोहनलाल बैंक वाले, जगदीश राठौर टोंक, रमेश गुलानिया, धनरूप राठौर , के. के. राठौर, केसरी लाल, गुलानिया, रामकुमार कंडक्टर, हीरालाल राठौर, रामपाल नोताडा उपस्थित रहे।

### हुकुमचंद चौधरी को सम्मानित किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। खैराबादधाम मंदिर श्री फलोदी माताजी महाराज ट्रस्ट के सदस्यों ने सर्वोच्च मां फलोदी सेवा सम्मान से हुकुमचंद चौधरी को सम्मानित किया। सोशल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ नयन प्रकाश गाँधी ने बताया की हुकुमचंद चौधरी खैराबाद नहीं राजस्थान के गौरव है उन्हें पूर्व में शिक्षा भूषण भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जा चूका है।शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालय को गोद लेकर उन्हें मॉडल स्कुल बनाने अत्याधुनिक करने शिक्षा गुणवत्ता हेतु उचित इंफ्रास्ट्रकचर हेतु भामाशाह के रूप में जरूरतमंद बच्चों विकलांग असहाय के शैक्षिणक सामाजिक विकास हेतु समर्पित रहना आदि उनके उल्लेखनीय कार्य हैं। ट्रस्ट के गवर्निंग कमिटी सदस्यों प्रकाशचंद गुप्ता राधेश्याम गुप्ता व दामोदर घाटियाँ सहित अन्य कई सदस्यों की उपस्थिति में रिटायर्ड शिक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी हुकुमचंद चौधरी को फलोदी सेवा सम्मान शील्ड व उपरना आदि से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें चार दशक से अधिक सामाजिक उल्लेखनीय कार्यो हेतु दिया गया।

### लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**रावतभाटा,** (निसं)। विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत द्वारा 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महुपुरा रावतभाटा की बहनों ने किशोर वर्ग लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की बहिने 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के उदयपुर में होने वाले संस्कृति महोत्सव में भाग लेगी। इसके उपरांत 17 नवंबर से 19 नवंबर तक उज्जैन में होने वाले अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। लोक नृत्य की तैयारी वरिष्ठ आचार्य विजेता योगी द्वारा करवाई गई। प्रांतीय कार्यक्रम के प्रभारी सीमा साहू एवं सरिता श्रृंगी रही। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों, आचार्य-दीदी एवं भैया-बहनों ने खुशी व्यक्त करते हुए बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

### कल जल सप्लाई बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। रामगंजमंडी परियोजना के जल श्रोत्र आम्बाकुई इन्टेक वेल पर 500 एमएम डीआई पाइप लाइन आम्बाकुई पर व 600 एमएम डीआई पाइपलाइन खातीखेडा गिलोता के पास लीकेज हो रही है।जिसमें अत्यधिक पानी का रिसाव हो रहा है।जिस कारण पाइप लाइनो को बंद करके 08 अक्टूबर मंगलवार को रिपेयर कार्य किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए बलभद्र शर्मा सहायक अभियंता (ग्रामीण) पीएचईडी रामगंजमंडी ने बताया कि पाइप लाइन के अचानक लीकेज होने से 09 अक्टूबर बुधवार को होने वाली जल सप्लाई रामगंजमंडी खैराबाद सातलखेडी व रावली पम्प हाऊस से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में बाधित रहेगी।

### समस्या समाधान शिविर दस को

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं विरांगनाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 10 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 10.30 बजे से सैनिक विश्राम गृह में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रविन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि सभी पेंशनर, पूर्व सैनिक एवं विरांगनाएं अपने मूल दस्तावेजों यथा डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, पहचान पत्र आदि के साथ सैनिक विश्राम गृह में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं एवं अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

# 'अधिकाधिक आवेदन करवाकर नंदीशाला योजना में प्रगति लाएं'



जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों से संबंधित बैठक ली।

**बूंदी** (निसं)। पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नन्दी शाला योजना में प्रगति लाने के लिए ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं नगर निकाय से आवेदन के प्रस्ताव लेकर शीघ्र भिजवाएं जाएं। बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के कार्यों में प्रगति लाएं। साथ ही सुरगली रोड प्रकरण में नैनवां उपखंड अधिकारी से समन्वय बनाकर समस्या का निस्तारण किया जाए। मनरेगा के अन्तर्गत बनने वाली ग्रेवल सड़क के लिए प्रस्ताव जल्द भिजवाएं। उन्होने डीएमएफटी के अन्तर्गत किए गए कार्यों की जांच के संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रोकथाम के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां नियमित हों और फॉगिंग करवाई जाए। साथ ही उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा एवं वन विभाग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किए गए पौधारोपण की जियो टैगिंग आवश्यक रूप से करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिए कि सभी राजकीय कार्य ई फाइलिंग के जरिए ही संपादित किए जाएं। साथ ही फाइलों के निस्तारण के लिए निर्धारित औसत समय में कमी लाई जाए। उन्होंने बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन्द्रगढ़ चाकन परियोजना के तहत सुमेरगंजमण्डी पम्प हाउस में वद्युित कनेक्शन करवाया जाए। प्रस्तावित तीन जीएसएस के लिए भूमि का चयन कर प्रस्ताव भिजवाए जाएं। साथ ही नोनेरा पेयजल परियोजना के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव प्रकरण के संबंध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर से कॉर्डिनेट करें।

विधायक एवं सांसद कोष से स्वीकृत कार्य जल्द पूरे करवाएं। उन्होंने जिला परिषद के माध्यम से संचालित व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं की समीक्षा करते हुए तालेडा एवं केशोरायपाटन क्षेत्र में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का तय समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत मीणा, विद्युत निगम के एसई केके शुक्ला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कोटा एडीएम सिटी को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागजी ने बताया राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने सोमवार जिला कलेक्टर कोटा को ज्ञापन दिया है। कागजी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यति नरसिम्हानंद नामक ने हुजूर की शान में अपशब्द कहे थे यति नरसिम्हानंद नामक व्यक्ति के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर को एक प्रतिनिधि मंडल एडीएम सिटी अनिल सिंघल से मुलाकात की और कहा कि भारत एक सांप्रदायिक सौहार्द का देश है यहां सभी धर्म के मानने वाले लोग रहते हैं अभी कुछ दिन पूर्व यति नरसिम्हानंद नामक व्यक्ति में देश का सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने की नीयत से मोहम्मद साहब के बारे में अपशब्द बोले हैं जिससे कि पूरा अल्पसंख्यक वर्ग नाराज है।

## भैंसरोडगढ़ में माता की चुनरी यात्रा निकाली

**रावतभाटा,** (निसं)। भैंसरोडगढ़ कस्बे में हिन्दू जागरण मंच की और से विभिन्न हिन्दू संगठनों के सहयोग से शारदीय नवरात्र महोत्सव 2024 के तहत माता की चुनरी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कस्बे में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से माता की चुनरी यात्रा शुरू हुई। यहां प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा ने माता की चुनरी को तिलक लगाकर और भैंसरोडगढ़ थानाधिकारी मोहन सिंह शेखावत ने माता की चुनरी पर श्रीफल भेंट कर पूजन के साथ शुभारंभ किया।

मंच के खंड संयोजक कुशाल वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि मातृशक्ति माता की 21 फीट से अधिक लंबी चुनरी लेकर चल रही थी। चुनरी यात्रा में माता के लिए 5 से अधिक चुनरियों के थाल सजाकर महिलाएं सिर पर लेकर जयकारें लगाती चल रही थी। यात्रा पंचायत समिति मार्ग, नंगापोल, केशव बाजार से गांधी चैक पहुंची। जहां रावणा राजपूत समाज की और से स्वागत द्वार सजा पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के सदस्य नरेन्द्र सिंह समेत बडी संख्या में समाज के सदस्य और गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

यात्रा में हिंदू जागरण मंच नगर संयोजिका आशा व्यास, शक्ति केन्द्र प्रभारी शीला शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोना गोस्वामी, पूर्व जिला परिषद सदस्या शशि देराश्री, महिला मोर्चा सदस्य कुसुम कच्छावा समेत अन्य अतिथि माता की चुनरी को सिर पर लेकर चल रही थी। यात्रा मार्ग पर कई भक्तों ने छतों से आसमां से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढती गई, महिलाएं यात्रा में शामिल होती रही। हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक मनोज लाड, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, समाजसेवी रविप्रताप सिहं गौड़, किरण चौरडिया ने भी माता की झांकी का पूजन किया। मंच के खंड सहसंयोजक जितेंद्र जैन ने बताया की नवरात्र पर प्रथम बार निकाली चुनरी यात्रा गांधीचौक, रामलीला मैदान से होकर माली मोहल्ला, मां कालिका माता मंदिर पहुंची। संध्या काल में मंदिर में एक साथ 21 कन्याओं का पूजन किया गया। सभी भक्तों ने मां को 21 चुनरिया चढाई।

महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में महिलाएं डीजे की धुन पर नाचती गाती चल रही थी। खुली जीप में मां दुर्गा, शंकर-पार्वती और माता स्वरूप की झांकियां सजा गई। कन्या पूजन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक मुकुट सेन, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल मंत्री नरेन्द्र सिंह राठौड थे। अध्यक्षता यजमान नंदलाल वैष्णव ने की।

# छबड़ा में बड़ी मात्रा में अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट की



शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत किराना स्टोर का औचक निरीक्षण कर अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर जब्त की।

**छबड़ा** (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संपतराज नागर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन चौधरी ने सोमवार को छबडा पहुंचकर नाज किराना स्टोर का औचक निरीक्षण कर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। इस कार्यवाही से अन्य दुकानदारों में हडकंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन चौधरी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नाज किराना स्टोर पर बडी खेप मे खाद्य सामग्री अवधि पार मिली। यहां सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल, रसगुल्ला, तिल्ली का तेल, सरसों तेल, सौस रेड चिल्ली सॉस, सोया सॉस बिस्कुट, ताजमहल चाय, पाम ऑयल, भुजिया, कुकिंग मीडियम तेल, इत्यादि अवधिपार मिलने पर मौके पर ही नष्ट करवाकर नुमुनीकरण की कार्यवाही को भी अंजाम दिया तथा हिदायत दी गई कि भविष्य में विक्रेता खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के नियमों का पालन करे अन्यथा पुनः अवधिपार सामग्री मिलने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# रामलीला का आयोजन आज के समय में भी है प्रासंगिक : माहेश्वरी



बूंदी में ऐतिहासिक ढाई कड़ी की रामलीला का विधिवत शुभारंभ हुआ।

**बून्दी** (निसं)। ज्यादातर स्थानों पर रामलीला का मंचन अवधी और हिंदी भाषाई शैली में होता है, लेकिन हाडौती क्षेत्र में कुछ स्थानों पर यह खास परंपरा है कि रामलीला का मंचन स्थानीय भाषा में संवादों और लयबद्ध दोहों के माध्यम से किया जाता है, जो इसकी अनूठी विशेषता है। इस परंपरा के अपने खास दर्शक और शुभचिंतक हैं, जो हर साल इसका बेसब्री से इंतजार करते हैं।

हाड़ौती और ग्रामीण शैली की भाषा में तैयार किए गए लयबद्ध संवादों के साथ केशवरायपाटन उपखंड के लेसरदा गांव में ढाई कडी की रामलीला का शुभारंभ रविवार से विधिवत रूप से हो गया। हर बार की तरह इस बार की रामलीला को स्थानीय बोली और सांस्कृतिक रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है,जिसमें गांववासियों की विशेष भागीदारी रहती हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गोसेवक गोपाल माहेश्वरी ने श्रीराम के चरित्र और रामलीला के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रामलीला का आयोजन आज के समय में भी अत्यधिक प्रासंगिक है। आज के डिजिटल और आधुनिक समय में भी रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार इस पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को जीवित रखते हुए नई पीढ़ी को भी इस सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बना रहे हैं।

गोसेवक गोपाल माहेश्वरी ने विधिवत गणेशजी और सरस्वती पूजन के साथ रामलीला का उद्घाटन किया। इसके पश्चात रंगमंच पर श्रीराम जन्म का भव्य मंचन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अद्भुत भूमिका निभाई। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता भगवानदास गुप्ता, राकेश माहेश्वरी, संदीप गुप्ता मंचासीन रहे।

रामलीला मंडल के अध्यक्ष सीताराम खारवाल ने रामलीला के इतिहास और महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इस रामलीला का मंचन स्थानीय भाषा में तैयार किए गए लयबद्ध दोहों के माध्यम से होता है। इस रामलीला का आयोजन आने वाले कई दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें रामायण की अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का भी मंचन किया जाएगा। मंच संचालन देवकीनंदन शर्मा मामाजी ने किया।

## समाज कल्याण सप्ताह का समापन

**झालावाड़** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा गत एक अक्टूबर से आयोजित किए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम सोमवार को जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी के मुख्य आतिथ्य में सांई मानसिक विमन्दित आवासीय विद्यालय एवं पुनर्वास गृह झालावाड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा ने की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख ने उपस्थित बच्चों को अपने जीवन में सुविचार अपनाने एवं बुजुर्गों का आदर व सम्मान करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति में कुछ ना कुछ प्रतिभा छुपी होती है। उन्होंने कार्यक्रम में मानसिक विमंदित बच्चों के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पर उनके प्रयासों को सराहा। उन्होंने इन बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी बच्चों के मन की इच्छाओं को जानकर एवं समझकर आगे बढ़ने में उनकी सहायता करने की बात कही।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने समाज कल्याण सप्ताह के प्रत्येक दिन आयोजित की गई सभी गतिविधियों की संक्षिप्त में जानकारी देते हुए सहयोग करने वाली संस्थाओं एवं गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं सांई मानसिक विमन्दित आवासीय विद्यालय के बच्चों तथा अन्य छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य तथा लघु नाटिका की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की सहायक निदेशक अनुप्रिया, बाल कल्याण समिति की सदस्य पूर्णिमा सिकरवार, बबली मीणा, गजेन्द्र सेन, विकलांग संघ के अध्यक्ष राजू शर्मा, हेमन्त शर्मा, विष्णु कुमार, महावीर सिंह, प्रतिमा चौहान सहित सांई मानसिक विमन्दित आवासीय विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 'रंगीलो रास' कार्यक्रम सम्पन्न

**बून्दी** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा नवरात्रा महोत्सव के अन्तर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैतसागर रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में धूमधाम के साथ रंगीलो रास कार्यक्रम सीजन 4 का आयोजन किया गया। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष द्वारका मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश संभागीय अध्यक्ष गोरधन खण्डेलवाल, कुन्ती जी मून्दड़ा, सभापति सरोज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल बतोर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश मंत्री लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष महेन्द्र हरसोरा, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष किरण लखोटिया, प्रदेश मंत्री महिला रजनी नुवाल, उपाध्यक्ष पुरूषोतम नुवाल, कोषाध्यक्ष सूरज समदानी आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में वैश्य समाज के महिला पुरूषों एवं बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। बड़ी संख्या में पारम्परिक वेशभूषा में तैयार होकर आये सभी वैश्यजनों ने कार्यक्रम में गरबा एवं डांडिया खेलकर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में पारस ज्वैलर्स, कोटा द्वारा लक्की ड्रा निकाला गया जिसमें अवन्तिका माहेश्वरी को सोने का सिक्का प्रदान किया गया, इसके साथ अन्य लक्की ड्रा में एम.के.एन्टरप्राईजेज द्वारा तीन होम थियेटर एवं स्मार्ट वॉच गिफ्ट दी गई। इस कार्यक्रम को भव्यता एवं मनमोहक रूप प्रदान करने में युवा विंग अध्यक्ष प्रदीप हरसोरा, महामंत्री राहुल लखोटिया, उपाध्यक्ष सुमित मंत्री, भगवान बाहेती, कोषाध्यक्ष चेतन गुप्ता, आदित्य भण्डारी, सुरेश जैन, आशुतोष गुप्ता, राजेश बहैडिया महिला विंग अध्यक्ष निधी गंगवाल, महामंत्री रानू खण्डेलवाल, ख्याति भण्डारी, नेहा मंत्री, शहर अध्यक्ष रेणू बाहेती, शहर महामंत्री मेनका जाजू, सीमा गुप्ता रहे। मंच संचालन जयपुर से आयी आर्टिस्ट माही चौहान ने किया। रंगीला रास सीजन 4 के विनर महिला वर्ग में आरची गर्ग, पुरुष वर्ग में कृतांश गंगवाल एवं शुभम तोषनीवाल रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिलाध्यक्ष द्वारका मंत्री एवं महामंत्री नरेश जिंदल के द्वारा सभी अतिथियों एवं आगन्तुक वैश्य जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### शहर में डांडिया की धूम

**बूंदी** (निसं)। बालचंद पाडा स्थित हाटकेश्वर भवन में नागर ब्राह्मण द्वारा समाज द्वारा किए जा रहे गरबों में जोश लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत गरबों के साथ साथ महिलाएं और युवतियां डांडियां भी खड़काने लगी है। रविवार को गुलाबी रंग की वेशभूषा में सुसज्जित महिलाओं ने जमकर गरबा गायन और नृत्य कला का प्रदर्शन किया। समाज की वरिष्ठ सदस्य अलका मेहता और पूजा नागर ने बताया कि गरबा के गायन और नृत्य में कुसुम मेहता, वंदना मेहता, सुषमा नागर, हेमा मेहता, निशा मेहता, आणिमा ठाकोर, रजनी मेहता, ललिता झा, आकाशी झा, शिखा ठाकोर,,कल्पना मेहता, प्रीती मेहता, उषा ठाकोर, मोहिता मेहता, मीनाक्षी, रश्मि ठाकोर, शोभना मेहता सीमा झा,मधु मेहता, मालिनी मेहता, बिंदु मेहता, स्मृति ठाकोर ने गायन और गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। बूंदी में नागर समाज द्वारा गरबों की परंपरा बहुत पुरानी है, यहां 9 दिन तक स्वयं गाकर और ड्रेस कोड मे परंपरागत रीति रिवाज से गरबे किए जाते हैं। समाज की वरिष्ठ सदस्य कुसुम मेहता ने बताया कि पहले दिन माता जी के निमंत्रण के गरबे गाए जाते हैं और उन्हें विधि विधान से बुलाया जाता है। इसके बाद प्रतिदिन सबसे पहले माताजी के गरबे, फिर कृष्ण जी के गरबे ,खेल के गरबे, राम जी के गरबे, मालन के गरबे क्रमानुसार गए जाते हैं और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होता है। अलका मेहता ने बताया कि अष्टमी के दिन शुक्रवार को गरबों से जुड़ी विविध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिनके विजेताओं को समापन समारोह में विजयदशमी के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। विजयादशमी के दिन नवल सागर झील में गरबो का विसर्जन किया जायेगा।

### सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के आदेश जारी

**बूंदी** (निसं)। बूंदी से सिलोर नमाना भोतपुरा तक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत 184 करोड रुपए की लागत के सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की राह अब खुल चुकी है। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि राजस्थान वाइल्डलाइफ बोर्ड द्वारा इस सडक को वाइल्डलाइफ में से निकाल दिया गया है और इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। विधायक शर्मा ने बताया कि 184 करोड रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क से आवागमन में लोगों को सुविधा होगी कई सालों से सड़क अधिक जर्जर अवस्था में थी और हमारा पिछले कुछ सालों से पूरा प्रयास था कि जल्दी से जल्दी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो परंतु स्वीकृति के पश्चात वन विभाग के नियमों के चलते इस सड़क का कार्य आगे नहीं बढ़ पाया था मुझे क्षेत्र के लोगों को बताते हुए यह खुशी है कि अब जल्द इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात इस सडक के निर्माण कार्य की राह खुलेगी। शर्मा ने बताया कि अब मात्र वाइल्डलाइफ बोर्ड विभाग दिल्ली द्वारा इस सड़क के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान करनी है उसके लिए भी हम पूर्ण रूप से प्रयास है।

### सी.एच.सी. में कलर सोनोग्राफी मशीन दी

**झालावाड़** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुनेल में लम्बे समय से सोनोग्राफी मशीन खराब हो रही थी जिससे वहॉ के क्षेत्र वालों को सोनोग्राफी की सुविधा नही मिल पा रही थी। सुनेल क्षेत्र के आमजन को सोनोग्राफी करवाने के लिए भवानीमण्डी या झालावाड़ जाकर निजी सेन्टर पर सोनोग्राफी करवानी पडती थी। सुनेल प्रवास के दौरान शिया दाऊदी बोहरा समाज के 53 वे धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को सीएचसी पर सोनोग्राफी मशीन नही होने की जानकारी बोहरा समाज के जनप्रतिनिधीयों द्वारा दी गई। जिसका संज्ञान लेते हुए उनके द्वारा सुनेल सीएचसी के लिए कलर सोनोग्राफी मशीन के लिए 16 लाख रुपये की राशि का अनुमोदन उनके द्वारा किया गया था। आज बोहरा समाज के जनप्रतिनिधियों हैदरीया पब्लिक स्कूल सुनेल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान को चैक दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि शीघ्र ही नई रंगीन सोनोग्राफी मशीन क्रय कर सीएचसी सुनेल पर लगाई जावेगी जिससे सुनेल क्षेत्र की आम जनता को सुनेल में ही रंगीन सोनोग्राफी सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**रावतभाटा,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अभियंता देवेंद्र नागर ने जानकारी देते हुए बताया की मंगलवार को भैंसरोडगढ़ जीएसएस पर रखरखाव कार्य के चलते, भैंसरोडगढ़ जीएसएस से संबंधित क्षेत्रों जिनमें महुपुरा, सणीता, जगपुरा, मदार चौक, भवानीपुरा, गोपालपुरा, मोतीपुरा एवं भैंसरोडगढ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी।